APEX INSTITUTE OF PHARMACY
Samaspur, Chunar, Mirzapur

Readers Messanger 16.2.23

नियो फ़िएस्टा मे एपेक्स फार्मेसी इंस्टीट्यूट के 2023 बैच के नवागंतुक छात्रों का जोरदार स्वागत

रीडर्स मैसेंजर नेटवर्क

मिर्जापुर। एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी चुनार प्रांगण में सीनियर छात्रों द्वारा 2023 डीफार्मा के सातवें एवं बीफार्मा के छठे बैच के छात्रों का स्वागत समारोह नियो फ़िएस्टा का आयोजन किया गया। फार्मेसी इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य प्रो. सुनील मिस्त्री की गरिमामयी उपस्थिति मे एपेक्स के स्पोर्ट्स इंजरी एवं लिगामेंट सर्जन डॉ अमित झा, महाप्रबन्धक पंकज सिंह एवं समस्त फेकेल्टी की उपस्थिति मे दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन द्वारा समस्त छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित फन गेम्स, गायन एवं नृत्य प्रस्तुतियों के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ नवागंतुक छात्रों ने अपना परिचय दिया एवं सीनियर्स द्वारा उनका स्वागत किया गया। एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य एवं ट्रस्ट इंस्टीट्यूट के डीन प्रो मिस्त्री ने छात्रों का स्वागत करते हुए पूर्व की भांति कॉलेज के छात्रों द्वारा निरंतर 6 वर्षो से स्थापित किए गए शत-प्रतिशत परिणाम एवं उच्चकोटि के अनुशासन हेतु प्रेरित किया। डीफार्म के सुधांशु एवं बीफार्म के अजितेश को मिस्टर फ्रेशर डीफार्म की ज्योति एवं बीफार्मा कि आराध्या को मिस फ्रेशर घोषित करते ही पूर्ण प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह द्वारा छात्रों को अपने स्वागत संदेश में एपेक्स द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्ता पूर्ण फार्मेसी शिक्षा को गंभीरता से अपनाने की अपील की। स्वागत समारोह का संयोजन सीनियर छात्रों द्वारा सहायक प्रवक्ता संजय चौरसिया एवं अनुराधा शाही के सहयोग से मनाया गया।

Dainik Bhaskar 16.2.23

एपेक्स फार्मेसी इंस्टीट्यूट के 2023 बैच के नवागंतुक छात्रों का स्वागत

मिर्जापुर। एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी चुनार प्रांगण में सीनियर छात्रों द्वारा 2023 डीफार्मा के सातवें एवं बीफार्मा के छठे बैच के छात्रों का स्वागत समारोह नियो फ़एिस्टा का आयोजन किया गया। फार्मेसी इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य प्रो. सुनील मिस्त्री की गरिमामयी उपस्थिति मे एपेक्स के स्पोर्ट्स इंजरी एवं लिगामेंट सर्जन डॉ अमित झा, महाप्रबन्धक पंकज सिंह एवं समस्त फेकेल्टी की उपस्थिति मे दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन द्वारा समस्त छत्रों को आशीर्वाद प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित फन गेम्स, गायन एवं नृत्य प्रस्तुतियों के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ नवागंतुक छात्रों ने अपना परिचय दिया एवं सीनियर्स द्वारा उनका स्वागत किया गया। एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य एवं ट्रस्ट इंस्टीट्यूट के डीन प्रो मिस्त्री ने छात्रों का स्वागत करते हुए पूर्व की भांति कॉलेज के छात्रों द्वारा निरंतर 6 वर्षों से स्थापित किए गए शत-प्रतिशत परिणाम एवं उच्चकोटि के अनुशासन हेतु प्रेरित किया।